# PRESS CLIPPINGS

Date : 5th Dec 2014

**ICFAI UNIVERSITY, JHARKHAND**

**LAUNCHES 3 NEW COURSES FOR**

**2015 ADMISSIONS**

# ग्लोबल डिमांड को ध्यान में रखकर सिलेबस हुए तैयार

## इक्फाई विवि में स्नातक कॉमर्स व साइंस की शुरू हुई पढ़ाई

**डीबी स्टार » रांची**

स्नातक कॉमर्स और साइंस की पढ़ाई की इच्छा रखने वाले स्टूडेंट्स के लिए अच्छी खबर है। इक्फाई यूनिवर्सिटी में भी अब ट्रेडिशनल विषय की पढ़ाई इसी सत्र से शुरू होगी। हालांकि इसके सिलेबस को ग्लोबल डिमांड को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इन दोनों कोर्स में इंटर कला, विज्ञान और वाणिज्य पास स्टूडेंट्स एडमिशन ले सकते हैं। इसके लिए फार्म अशोक नगर स्थित कैंपस से प्राप्त कर सकते हैं। गुरुवार को इक्फाई विवि के वीसी प्रो. ओआरएस राव नए कोर्सों की लांचिंग के अवसर पर प्रेस से बातचीत कर रहे थे। इसके अलावा डिप्लोमा एंड टेक्नोलॉजी कोर्स लांच किया गया।




नए कोर्सों को लांच करते प्रो. ओआरएस राव अन्य अतिथि।

### इन कोर्सों में नामांकन शुरू

इक्फाई विवि में नौ कोर्स में नामांकन चल रहा है! इसमें बीकॉम, बीबीए, बीएससी, डिप्लोमा इन टेक्नोलॉजी, बीटेक कंप्यूटर साइंस, बीटेक मेकेनिकल, बीटेक लेटरल इंट्री, एमबीए और पीएचडी पार्ट टाइम कोर्स शामिल हैं। प्रबंधन ने बताया कि एडमिशन में झारखंड के स्टूडेंट्स को प्राथमिकता दी जाएगी।

### बीकॉम में तीन ब्रांच

प्रो. राव ने कहा कि बीकॉम में तीन ब्रांच शुरू की गई हैं। प्रत्येक में 60-60 स्टूडेंट्स का एडमिशन लिए जाएगा। इसमें बीकॉम इन बैंकिंग, बीकॉम इन फाइनेंस और बीकॉम इंश्योरेंस शामिल है। सभी ऑनर्स और इंटीग्रेटेड कोर्स है। बीकॉम व बीएससी में छह सेमेस्टर की पढ़ाई होगी। प्रत्येक सेमेस्टर में 15 हजार रुपए लगेंगे। प्रो. राव ने कहा कि लांच किए तीनों कोर्स जॉब ओरिएंटेड हैं। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेक्टर में सात लाख नियुक्तियां होने वाली हैं। इसमें कॉमर्स के स्टूडेंट्स बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

### जनवरी में अपना कैंपस

इक्फाई विवि का वर्तमान में किराया के दो बिल्डिंग में चलता है। अशोक नगर में मुख्य कार्यालय है। वहीं हरमू रोड में बीटेक समेत अन्य कोर्सों की पढ़ाई होती है। इसका अपना कैंपस रिंग रोड के समीप दलादली में बन रहा है। जनवरी 2015 में नए कैंपस में शिफ्ट कर हो जाएगा। यह जानकारी प्रो. ओआरएस राव ने दी।

प्रभात खबर
www.prabhatkhabar.com

# इक्फाई यूनिवर्सिटी में तीन नये कोर्स की हुई लांचिंग




गुरुवार को नये कोर्स की लांचिंग करते शिक्षक.

**लाइफ रिपोर्टर @ रांची**

इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड में शैक्षणिक वर्ष 2015 के लिए तीन नये कोर्स की लांचिंग की गयी. इक्फाई झारखंड के वाइस चांसलर प्रो ओआरएस राव ने बताया कि इन कोर्स में बी कॉम (ऑनर्स) इन बैंकिंग/फाइनेंशियल सर्विसेस/इंश्योरेंस, बीएससी ऑनर्स इन कंप्यूटर साइंस तथा डिप्लोमा इन टेक्नोलॉजी शामिल है.

प्रो राव ने बताया कि ये कोर्स बाजार में जरूरतों के मुताबिक बनाये गये हैं. बीकॉम ऑनर्स इन बैंकिंग के कोर्स के बाद विद्यार्थियों को बैंक व फाइनांस से संबंधित क्षेत्रों में काम करने के अवसर मिलेंगे. उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में दो लाख बैंककर्मी रिटायर होंगे. इनकी जगह पर नयी नियुक्तियां होंगी. इसलिए बैंकिंग सेक्टर में काफी अवसर उपलब्ध होंगे. इसके अलावा आने वाले समय में ई कॉमर्स से संबंधित क्षेत्रों में भी युवाओं को रोजगार उपलब्ध होंगे.


विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे अन्य कोर्स भी रोजगारपरक हैं. प्रो राव ने कहा कि विश्वविद्यालय लगातार बाजार सर्वेक्षण के मुताबिक अपने पाठ्यक्रमों को अपग्रेड करता रहता है. उन्होंने कहा कि सभी कोर्स में विद्यार्थियों को इंटर्नशिप कराया जाता है. इससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान भी मिलता है.

## जनवरी से नये कैंपस में शुरू होगी पढ़ाई

प्रो राव ने बताया कि दलादली में इक्फाई विश्वविद्यालय के नये कैंपस का निर्माण तेजी से हो रहा है. ग्राउंड फ्लोर व फर्स्ट फ्लोर तैयार है. जनवरी से नये कैंपस में पढ़ाई शुरू होने की उम्मीद है. नये कैंपस में ज्यादा जगह है जहां शिक्षण कार्य में और सुविधा होगी.

रांची LIVE | युवा | हिन्दुस्तान
शुक्रवार, 05 दिसंबर 2014


# इक्फाई विश्वविद्यालय में शुरू होंगे तीन नए कोर्स




गुरुवार को तीन नए कोर्स शुरू करने की घोषणा करते इक्फाई विवि के वीसी व अन्य।

**रांची | संवाददाता**

इक्फाई विवि में नए सत्र में तीन नए कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। इसमें बीकॉम ऑनर्स इन बैंकिंग, फाइनांसियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस और बीएसई ऑनर्स इन कंप्यूटर साइंस एंड डिप्लोमा इन टेक्नोलॉजी है। इन कोर्स को गुरुवार को शुरू करने की घोषणा की गई। इक्फाई के वीसी प्रो. ओआरएस राव ने गुरुवार को प्रेस कार्फ्रेंस में बताया कि इससे छात्रों को भविष्य में करियर चुनने की संभावनाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि विषयों की पढ़ाई आधुनिक तौर-तरीकों से होगी। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2005 से संस्थान में बीबीए, बीसीए, बीटेक और एमबीए जैसे कोर्स चल रहे थे। नए सत्र से तीन और नए कोर्स शुरू करने की योजना बनी है। बैंकिंग तथा आइटी के क्षेत्र में नौकरियों की संभावना को देखते हुए विवि की ओर से नए कोर्स की शुरुआत की गई है।

कार्यक्रम में प्रो. एएस प्रसाद, प्रो. मदन प्रसाद, डॉ एससी सोरेन सहित कई अन्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

खबर मन्त्र

# इक्फाई विवि में तीन नये पाठ्यक्रमों की शुरुआत

## नये कोर्स के माध्यम से छात्रों को रोजगार की संभावनाएं : प्रो राव

**खबर मन्त्र रिपोर्टर**

रांची। अगले चार सालों में बैंकिंग और आइटी के क्षेत्र में नौकरियों की अपार संभावनाओं को देखते हुए झारखंड इक्फाई विश्वविद्यालय द्वारा तीन नये पाठ्यक्रम शुरू किये जा रहे हैं। भविष्य में कुल आठ लाख नौकरियां बैंकिंग सेक्टर में आ रही हैं। इसको ध्यान में रख कर बी-कॉम में तीन नये कोर्स बैंकिंग, फाइनेंस और इंश्योरेंस की शुरुआत की जा रही है। उक्त जानकारी इक्फाई विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने गुरुवार को दी।



इक्फाई विवि में नये पाठ्यक्रमों का विमोचन करते अतिथि।

मौके पर कुलपति द्वारा 2015 के पाठ्यक्रमों का विमोचन किया गया, जिसमें बीकॉम के बैंकिंग, इंश्योरेंस और फाइनेंस के साथ-साथ डिप्लोमा इन मैकेनिकल और बीएएस इन कंप्यूटर साइंस जैसे कोर्स को नये पाठ्यक्रम में शमिल किया गया। पाठ्यक्रम के विमोचन में डीन प्रो एएस प्रसाद, प्रो मदन प्रसाद, डॉ एससी स्वेन आदि उपस्थित रहे।

THE TELEGRAPH RANCHI FRIDAY 5 DECEMBER 2014 11

## New courses

**Ranchi:** The ICFAI University, Jharkhand, on Thursday released prospectus for admissions in the 2015 academic year. Apart from BTech, BBA, BCA and MBA, the varsity is offering three new courses.

hindustantimes | jharkhand | 03

HINDUSTAN TIMES, RANCHI
FRIDAY, DECEMBER 05, 2014

## 'Banking, IT offer good job opportunities'

**RANCHI:** The ICFAI University, Jharkhand (IUJ) will launch three new courses from the next academic year.

They are BCom (Honours) in Banking, Financial Services and Insurance, BSc (Honours) in Computer Science and Diploma in Technology.

The university organised a function on Thursday to launch prospectus for admissions to its courses during 2015 academic year.

**HTC**

रांची, 5 दिसंबर 2014

दैनिक जागरण

यूथ

2

## इक्फाई में तीन नए कोर्स शुरू

रांची : इक्फाई विवि झारखंड में इस सत्र से तीन नए कोर्स की शुरुआत की गई। विवि के कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस सत्र से तीन कोर्स बीकॉम ऑनर्स इन बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस, बीएससी ऑनर्स इन कंप्यूटर साइंस एंड डिप्लोमा इन टेक्नोलॉजी है। तीन वर्षीय इस कोर्स में नामांकन जारी है। सभी में 60-60 सीटें हैं। इसमें किसी भी संकाय से इंटर उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि कोर्स करने के बाद बैंकिंग व आइटी के क्षेत्र में नौकरी की अपार संभावनाएं हैं।

the pioneer

RANCHI | FRIDAY | DECEMBER 5, 2014

INBRIEF

## ICFAI VARSITY LAUNCHES NEW COURSES

The ICFAI University, Jharkhand (IUJ) organised a function on Thursday to launch prospectus for admissions to its courses during 2015 academic year. Besides, BTech, BBA, BCA and MBA, the University will be offering 3 new courses – BCom (Honours) in Banking, Financial Services and Insurance, BSc (Honours) in Computer Science and Diploma in Technology Prof. ORS Rao, Vice-Chancellor of the said, "As Banking and IT will offer job opportunities in the next 4 years, our University is offering courses with focus on these areas."

रांची एक्सप्रेस
रांची, शुक्रवार 5 दिसम्बर 2014

# इक्फाई विवि में बीएससी एवं बीकॉम की होगी पढ़ाई




नये कोर्स को लांच करते विशिष्टजना                                  छाया : आसिफ

रांची, 4 दिसम्बर : इक्फाई विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2015 से तीन नए कोर्स शुरू होंगे। इन तीनों कोर्सों को आज यहां लांच किया गया। इसके बाद आयोजित प्रेसवार्ता में कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने कहा कि नए सत्र से बीकॉम आनर्स इन बैंकिंग, फाइनेंसियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस, बीएससी आनर्स इन कम्प्यूटर साइंस एंड डिप्लोमा इन टेक्नोलाजी की पढ़ाई शुरू होगी। बीकॉम एवं बीएससी में 60-60 सीटों पर दाखिला लिया जाएगा। आवेदन पत्र की बिक्री आज से शुरू हो गयी है। मालूम हो कि इक्फाई विश्वविद्यालय में पूर्व से बीबीए, बीसीए, बीटेक और एमबीए की भी पढ़ाई होती है। बीएससी व बीकॉम के लिए प्रति सेमेस्टर 15 हजार रुपये और डिप्लोमा के लिए प्रति सेमेस्टर 25 हजार रुपये शुल्क लगेंगे।

इससे पहले कोर्स लांचिंग के अवसर पर प्रो. राव, डा. बीएम सिंह इत्यादि ने अपने विचार व्यक्त किये। बीकॉम आईकॉम व आईएससी उत्तीर्ण के अलावा आईए उत्तीर्ण विद्यार्थी भी दाखिला ले सकते हैं। दाखिले के लिए 45 फीसदी अंक जरूरी है।

## दलादली में कैंपस तैयार

इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड का नया कैंपस दलादली में तैयार हो गया है। दलादली में विश्वविद्यालय का कुल 7 एकड़ जमीन है। नये कैंपस का निर्माण 1.27 एकड़ जमीन में किया गया है। नए कैंपस में विवि जनवरी में स्थानान्तरित हो जाएगा।

रांची, शुक्रवार, 5 दिसंबर 2014
www.sanmargjharkhand.com
05
सन्मार्ग

# ईक्फाई विवि ने तीन नये पाठ्यक्रम शामिल

**रांची :** ईक्फाई विवि में अगले वर्ष से तीन नये कोर्स पाठ्यक्रम में जुड़ गये। गुरुवार को एक कार्यक्रम में नये सत्र 2015-16 के कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस पाठ्यक्रम में नये शामिल होनेवाले कोर्स में बीकॉम इन बैंकिंग/फाइनेंसियल सर्विसेज/इंश्योरेंस, बीएससी ऑनर्स इन कंप्यूटर साइंस तथा डिप्लोमा इन टेक्नोलॉजी शामिल हैं। इन कोर्सों के अलावा नये कैलेंडर में बीबीए, बीसीए, बीटेक इन कंप्यूटर या मैक्निकल,बीटेक लैटरल, एमबीए तथा पार्ट टाइम पीएचडी शामिल हैं। कोर्स के लॉन्चिंग पर ईक्फाई विवि के वीसी ओआरएस राव ने बताया कि अगले चार वर्षों में बैंकिंग और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नौकरियों की बहार होगी। इसी संभावना को देखते हुए इन कोर्सों को नये सत्र के पाठ्यक्रम में जोड़ा गया है। ई-कॉमर्स, आइटी इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट,मोबाइल कंप्यूटिंग आदि क्षेत्रों भी कॅरियर की संभावनाओं से भरे पड़े हैं। विवि के रजिस्ट्रार डॉ. बीएम सिंह ने बताया कि ईक्फाई के द्वारा इंटर्नशिप का मौका भी विवि में ही दिया जाता है। कोशिश रहती है कि छात्रों को रोजगारपरककोर्सों से हमेशा जोड़ा जाये। इससे जॉब की गांरटी बढ़ जाती है। कार्यक्रम में ईक्फाई विवि के एएस प्रसाद, प्रो. मदन प्रसाद, डॉ. एस सी स्वेन सहित कई शिक्षक व विद्यार्थी शामिल थे।